## खबर संक्षेप

### देसी कट्टे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की सीआईए वन पुलिस टीम ने अमादलपुर मठ के पास से युवक को अवैध देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए वन पुलिस टीम में तैनात ईएचसी विपिन कुमार ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि अमादलपुर मठ के पास एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहा है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान रविदास मंदिर बुडिया निवासी मोहसिन के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्याय हिरासत में भेज दिया गया।

### झांसा देकर नाबालिग लड़की को किया अगवा

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी से युवक ने शादी का झांसा देकर नाबालिक लड़की को अगवा कर लिया। पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शहर की कालोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 मार्च को उसकी 16 वर्षीय पोती किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उन्हें अपनी पोती का कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी पोती को दानिश नामक युवक शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी युवक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### चोरों ने छह किसानों के ट्यूबवेल से चुराई मोटरें

**यमुनानगर।** चोरों ने गांव नागल से एक ही रात में छह किसानों के ट्यूबवेल से मोटरें चोरी कर ली। गांव नागल निवासी कर्मवीर सिंह ने जठलाना थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 29 मार्च की रात को खेतों से काम निपटाकर अपने घर आ गए थे। सुबह जब वह खेतों में काम करने के लिए गए तो उसे ट्यूबवेल के कमरे से पानी की मोटर गायब मिली। जांच करने पर चोरों द्वारा दीवार में सेंध लगाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। वह अपनी मोटर की तलाश कर ही रहा था कि उसे पता चला कि चोरों ने उनके पड़ोसी छत्रपाल, बंसीलाल, राज सिंह, राजेंद्र सिंह व लोकेश के ट्यूबवेल से भी मोटर चोरी कर ली है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### युवक पर नुकीली वस्तु से हमला कर किया घायल

**यमुनानगर।** शहर की न्यू हमीदा कालोनी में लक्ष्मी सिनेमा के पास देर शाम एक युवक ने नुकीली वस्तु से हमला कर न्यू हमीदा कालोनी निवासी सुमित चावला को घायल कर दिया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार न्यू हमीदा कालोनी निवासी सुमित चावला ने शहर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले कॉलोनी के ही लुक्का के साथ किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी। उसे समय अन्य दोस्तों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था। मगर इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगा। सुमित ने बताया कि वह देर शाम कॉलोनी में ही किसी काम से जा रहा था। जब वह लक्ष्मी सिनेमा के पास पहुंचा तो आरोपी लुक्का ने उसे रोक लिया। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए नुकीली वस्तु से उस पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। शोर सुनकर जब अन्य लोगों के पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। उसने मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी।

## नगरपालिका पार्षदों ने बैठक में लिया फैसला

# रादौर शहर नई स्ट्रीट लाइटों से जगमगाएगा: चेयरमैन

### प्रत्येक वार्ड में समान रुप से विकास कार्य करवाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। रादौर में आयोजित बैठक में भाग लेते नपा के चेयरमैन व पार्षद। फोटो: हरिभूमि

नगर पालिका रादौर के नवनिर्वाचित पार्षदों की बैठक का आयोजन कस्बा स्थित होटल में किया गया। बैठक की अध्यक्षता नपा के नवनिर्वाचित चेयरमैन रजनीश मेहता ने की। बैठक में पार्षदों ने अपने अपने वार्ड की समस्याओं के बारे में चेयरमैन को अवगत करवाया गया। नपा के नवनिर्वाचित चेयरमैन रजीश मेहता ने नपा के सभी नवनिर्वाचित 14 पार्षदों को भरोसा दिलाया कि उनके वार्डों की समस्याओं को जल्द दूर किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड में समान रुप से विकास कार्य करवाए जाएंगे।

उन्होंने पार्षदों को भरोसा दिलाय कि रादौर कस्बा जल्द ही नई स्ट्रीट लाइटों से जगमगाएगा। कस्बा में जल्द ही नई स्ट्रीट लाइटों को लगाया जाएगा। मौके पर बैठक में चेयरमैन ने पार्षदों के साथ कस्बा के विकास कार्यों को लेकर विचार विमर्श किया। इस दौरान बैठक में चेयरमैन ने पार्षदों के साथ बातचीत करके उनके वार्डों में आ रही समस्याओं को जल्द दूर करने के लिए रणनीति बनाई। चेयरमैन रजनीश मेहता ने आगामी बैठक जल्द बुलाए जाने का आश्वासन दिया। चेयरमैन ने जल्द पार्षदों की पहली बैठक बुलाने की बात कही। इस दौरान बैठक में पार्षदों को आई कार्ड दिए जाने व उनके निवास स्थान के बोर्ड नपा की ओर से लगवाए जाने की मांग की गई। जिन्हें चेयरमैन रजनीश मेहता ने तुरंत मान लिया। बैठक में अन्य विकास कार्यों को लेकर भी विचार विमर्श किया गया।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में पार्षद जसवंत सिंह, भगवतदयाल कटारिया, सुदेश सैनी, राजीव आर्य सन्नी, रणजीत सिंह, ऋषिपाल नंबरदार, चरणजीत मोनू, श्रीकांत मोंटी, संदीप छोटाबांस, सुशील कुमार बत्रा, गुलशन सैनी, रविंद्र सैनी, विनिश राणा जुगनु व अमनदीप छोटाबांस आदि मौजूद रहे।

# प्रभावी शिक्षण तकनीकों पर की चर्चा

- शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल झीवरहेड़ी में इन हाउस प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

शहीद भगत सिंह पब्लिक स्कूल झीवरेहडी में इन हाउस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों को शिक्षण गुणवत्ता को उन्नत करने और उन्हें प्रभावी पाठ योजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण सत्र में शिक्षिका मंजू लांबा ने स्कूल के सभी शिक्षकों को पाठ प्लानिंग विषय पर गहराई से समझाया और प्रभावी शिक्षण तकनीकों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने बताया कि कार्यशाला का प्रमुख उद्देश्य शिक्षकों को यह सिखाना था कि वे कैसे एक सुनियोजित और प्रभावी पाठ योजना बना सकते हैं। जिससे छात्रों का सीखने का अनुभव अधिक व्यवस्थित और प्रभावशाली हो सके। मौके पर उन्होंने विभिन्न शिक्षण तकनीकों, कक्षा प्रबंधन रणनीतियों और मूल्यांकन प्रक्रियाओं के बारे में बताया कि कैसे एक शिक्षक विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए एक सुदृढ़ पाठ योजना तैयार कर सकता है।

# 300 ग्रामीणों की आंखें जांची

- मानवता जनशक्ति फाउंडेशन द्वारा वृद्ध आश्रम खजूरी में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। गांव खजूरी में आयोजित शिविर में ग्रामीणों की आंखों की जांच करते नेत्र रोग विशेषज्ञ। फोटो: हरिभूमि

मानवता जनशक्ति फाउंडेशन के तत्वावधान में वृद्ध आश्रम खजूरी में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल राणा ने बतौर मुख्यातिथि रिबन काटकर किया। फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा ने बताया कि निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अजय राणा व उनकी टीम ने 300 ग्रामीणों के नेत्रों की जांच की। इस दौरान जिन्हें चश्मों की जरुरत थी। उन्हें निःशुल्क चश्में व दवाइयां वितरित किए गए। मौके पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अजय राणा ने लोगों की आंखों की जांच कर उन्हें अपनी आंखों की देखभाल करने की विधि बताई। इस अवसर पर शिविर में जिला परिषद वाइस चेयरमैन अग्नि विजय सिंह चौहान, विनोद राणा ,ब्लॉक समिति अध्यक्ष ओमवीर सिंह,मुकेश राणा, जिला अध्यक्ष चंद्रपाल राणा, सरपंच आज्ञाराम, संदीप राणा, परमजीत राणा, विवेक चौहान ,लोकेंद्र राणा, राजेंद्र शर्मा व कृष्ण राणा आदि मौजूद रहे।

# लेखन में रूहानी ने मारी बाजी

- जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव एनचांटे-2025 का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित एनचांटे कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव एनचांटे-2025 का आयोजन किया गया। उत्सव का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग व डॉ. एलएस रीन ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्जवलित करके किया। वार्षिक महोत्सव का विषय टुगेदर वी राइज रखा गया।

वार्षिक महोत्सव के प्रथम दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं में रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता में रूहानी ने पहला, अर्षप्रीत ने दूसरा व प्रियांशी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मेहंदी में संचिता ने जीत हासिल की। एकल गायन में आदित्य वर्मा प्रथम, तेजवीर द्वितीय व इश्प्रीत तृतीय स्थान पर रहे। एकल नृत्य में आयुषी ने पहला, रिया ने दूसरा व श्रूति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, भाषण में इशिका ने प्रथम, आस्था ने द्वितीय व काव्या ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कार्तिक ने बाजी मारी। जैम प्रतिस्पर्धा में अंजली विजयी रही। निशांत व आदित्य ने युगल गायन में पहला, जयंत एवं निशांत ने दूसरा स्थान हासिल किया। मंडाला आर्ट में जिया विजयी रही। इस अवसर पर संस्थान के रजिस्ट्रार अंकुश सिंगला, डॉ. गौरव शर्मा, डॉ. विकास जुनेजा, डॉ. ऋषि स्वरूप शर्मा आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से जिले भर में मनाया ईद-उल-फितर

- मस्जिदों व ईदगाहों में पहुंचकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अदा की नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। ईद उल फितर के मौके पर नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग।

ईद-उल-फितर का पर्व सोमवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज अदा की और एक दूसरे के गले लगकर ईद की मुबारकबाद दी।

हिंदू समुदाय के लोगों ने भी मुसलिम समुदाय के लोगों के गले लगकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी। सोमवार सुबह शहर की जामा मस्जिद समेत छछरौली, खिजराबाद, कोट, कोट कलसिया, नगली, बुड़यिा, मानकपुर, शादीपुर, रादौर, साढ़ौरा, बिलासपुर समेत अन्य स्थानों पर बनी मस्जिदों में ईद की नमाज अदा करने के लिए समुदाय के लोगों ने हजारों की संख्या में एकत्रित होकर नमाज पढ़ी। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे के गले लगकर ईद की बधाई दी। खास बात यह रही कि छोटे बच्चों ने भी मस्जिदों व ईदगाहों में पहुंचकर नमाज अदा की। वहीं, उन्होंने मस्जिदों के बाहर लगी दुकानों पर जमकर खरीददारी की। कुश्ती दंगल में विभिन्न स्थानों के पहलवानों ने पहुंचकर ताकत के जौहर दिखाए। इस दौरान पहलवानों ने अपने दाव-पेंचों से दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। ईद-उल-फितर के मौके पर कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल, सिटी विधायक अरोड़ा , उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने जिलावासियों को ईद की मुबारकबाद दी।

#### मुस्लिम समुदाय का ईद पर्व है सबसे बड़ा त्योहार

*शहर की जामा मस्जिद में नमाज पढ़ने आए नमाजी इरफान, मोहम्मद रहमान, , मोहम्मद ईसरार, मोहम्मद असलम व कुर्बान आदि ने बताया कि ईद अल्लाह का शुक्रिया अदा करने का दिन है। ईद-उल-फितर मुस्लिम समुदाय का सबसे बड़ा त्योहार है। दुनिया भर में ईद का त्योहार रमजान के पाक महीने में मनाया जाता है। करीब महीने भर तक चले रोजों के बाद चांद का दीदार किया जाता है। इस दौरान मस्जिदों को सजाया जाता है। सभी लोग इस दिन नए कपड़े पहनने के साथ-साथ अपने-अपने घरों में पकवान बनाते हैं। खास बात यह है कि ईद पर अपनों से छोटों को ईदी के रूप में तोहफों के अलावा पैसे भी दिए जाते हैं और सारे गिले शिकवे भूल कर आपस में एक दूसरे से गले मिल कर ईद की मुबारकबाद दी जाती है।*

# पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने सुनीं समस्याएं

- पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी के लोगों को उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। लोगों की समस्याएं सुनते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भाजपा संविधान के तहत चलने वाली लोकतांत्रिक पार्टी है। इसमें सारा कार्य पारदर्शी व्यवस्था के तहत होता है। उन्होने उक्त शब्द जगाधरी में दर्जन भर से अधिक स्थानों पर जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहे। उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया कि जगाधरी विधानसभा क्षेत्र की जनता की समस्याओं का समाधान वह प्राथमिकता के आधार पर करवाएंगे। इस दौरान लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने जगाधरी वार्ड एक, दो , तीन, चार, पांच, छह व सात समेत विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के आशीर्वाद से जगाधरी शहर के सभी सातों वार्डों में भाजपा के सभी सात पार्षद उम्मीदवार जीते हैं व मेयर सुमन बहमनी को भी जगाधरी शहर से जबरदस्त लीड मिली है। जिसके लिए वह जगाधरी की जनता के आभारी हैं। मौके पर उन्होंने जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा संगठन को और कैसे मजबूत किया जाए व कैसे आगे बढ़ाया जाए।

#### भाजपा लोकतांत्रिक पार्टी

पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि भाजपा संविधान के तहत चलने वाली लोकतांत्रिक पार्टी है। इसमें सारा कार्य पारदर्शी व्यवस्था के तहत होता है। भाजपा के अपने संगठन चुनावों से भाजपा में नए नेतृत्व को आगे आने का अवसर मिलेगा व युवा वर्ग को ज्यादा अवसर प्राप्त हो रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के सशक्त मजबूत नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा हर क्षेत्र में हर वर्ग के हित में योजनाएं बनाई जा रही हैं। महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में भी विशेष रूप से कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा संगठन की नीतियों व हरियाणा भाजपा सरकार की योजनाओं के प्रचार प्रसार को लेकर भी आगे की रूपरेखा बनाई गई है। जगाधरी शहर में जनसंपर्क का यह सिलसिला लगातार ऐसे ही जारी रहेगा।

# स्टार्टअप के लिए बेहतर आइडिया जरूरी

- प्राचार्या डॉ. सुरिंद्र कौर ने छात्राओं को डिटेल बिजनेस प्लान की दी विस्तार से जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज में चल रही कार्यशाला के समापन पर व्याख्यान देते हुए वक्ता।

डीएवी गर्ल्स कॉलेज के इंस्टीट्यूशलन इनोवेशन काउंसिलए इंक्यूबेशन स्किल डेवलपमेंट एंड इंप्लॉयमेंट जनरेशन सेल व नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर इंटरप्रोन्योरशिप एंड स्मॉल बिजनेस डवलपमेंट के संयुक्त तत्वावधान में चल रही चार दिवसीय बिजनेस प्लान पीच प्रोग्राम कार्यशाला का समापन हो गया। समापन अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. सुरिंद्र कौर ने छात्राओं को डिटेल बिजनेस प्लान के बारे में व्याख्यान देकर विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान पंजाब नेशनल बैंक के लीड बैंक मैनेजर प्रवीन अजमानी, निसबड के स्टेट हेड हरिमोहन, को.ओडिनेटर शोभित मैथानी व रमन चावला, व्यावसायी प्रवीन स्याल ने भी व्याख्यान दिया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. सुरिंद्र कौर ने कहा कि किसी भी स्टार्टअप को शुरू करने के लिए आइडिया का होना बेहद जरूरी है। छात्राएं अपने आसपास के क्षेत्र की जरूरतों को समझें और उस आइडिया पर काम करें। बडे शहरों में उबर कैप कंपनी के क्लीनर आसानी से मिल जाते हैं। जो एक दिन में पूरे घर की साफ सफाई कर देते हैं। उन आइडिया को छोटे शहरों में भी अप्लाई किया जा सकता है। मौके पर ममता थापर ने छात्राओं को बिजनेस प्लान तैयार करने के बारे में बताया। नेहा ठाकुर ने बिजनेस आइडिया को प्रस्तुत करने की जानकारी दी। जसमीत कौर ने बिजनेस को शुरू करने से पहले डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने की जानकारी दी।

# शिविर में 60 युवाओं ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

- श्री बालाजी युवा मंच ने करवाया शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



यमुनानगर। गांव खुर्दी में आयोजित शिविर में मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक। फोटो: हरिभूमि

श्री बालाजी युवा मंच के तत्वावधान में ग्रामीणों के सहयोग से गांव खुर्दी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 60 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. सुशीला सैनी ने भाग लिया। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने 60 यूनिट रक्त एकत्र किया।

इस दौरान मुख्यातिथि डॉक्टर सुशीला सैनी ने कहा कि खून देने से शरीर में कोई कमी नहीं आती है। बल्कि शरीर का विकास होता है। हमारे द्वारा दिया गया खून किसी की जिंदगी बचाने के काम आता है। इसलिए हमें बढ़ चढ़कर रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर दिनेश सैनी, अशोक सरपंच, सहल सिंह, करनैल सिंह, वीरकांत कांबोज, मोक्ष सैनी, राजेश सैनी, जसविंदर धीमान, हर्ष सैनी, प्रवीण प्रजापत व बलविंदर प्रजापत आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन

# जल परीक्षण प्रयोगशाला वैन खरीदी जाएंगी

- कार्यशाला में हरियाणा के कृषि, मत्स्य व पशुपालन विभाग के मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



यमुनानगर। जिला मत्स्य कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यशाला में मुख्यातिथि को स्मृतिचिन्ह भेंट करते हुए विभागीय अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी व मत्स्य पालन विभाग के मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मछली पालन व्यवसाय का देश के सामाजिक व आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने उक्त शब्द यमुनानगर में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत आयोजित मत्स्य पालन किसानों की एक दिवसीय कार्यशाला में बतौर मुख्यातिथि कहे। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि मछली पालन व्यावसाय किसान की आय में बढ़ोतरी का एवं राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में आय और रोजगार सृजन का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत बनाने की ओर अग्रसर है। विभाग ने सरकार द्वारा क्रियान्वित राज्य व केन्द्र द्वारा संचालित कर्मचारियों के अथक प्रयास से प्रदेश के क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से लागू कर मत्स्य पालन के क्षेत्र में प्रगति की है। उन्होंने कहा कि राज्य में तीन मोबाइल जल परीक्षण प्रयोगशाला वैन खरीदी जाएंगी। जिसके माध्यम से किसानों को मिट्टी और जल परीक्षण की सुविधाएं उनके तालाब पर उपलब्ध करवाई जाएंगी तथा मिट्टी और जल परीक्षण रिपोर्ट तुरन्त उपलब्ध करवा दी जाएगी। मौके पर सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने किसानों को मत्स्य पालन अपनाने पर बल दिया। इस दौरान निदेशक मत्स्य पालन विभाग श्रीपाल राठी द्वारा विभिन्न विभागीय स्कीमो व राष्ट्रस्तरीय स्तर पर उनके द्वारा मत्स्य पालकों के हित में रखी गयी मागों के बारे में अवगत करवाया।

#### सोलर सिस्टम पर दिया जाएगा अनुदान

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि आगामी वित वर्ष 2025-26 के दौरान मछली व झींगा किसानों को विभाग द्वारा सोलर सिस्टम पर 10 किलोवाट क्षमता से बढ़ाकर 30 किलोवाट क्षमता तक 60 प्रतिशत की दर से अनुदान प्रदान किया जाएगा व जिला भिवानी के गांव गरवा उपमण्डल सिवानी में 24.5 एकड़ भूमि में विभाग द्वारा झींगा एवं मछली उत्पादन की उत्पादकता बढ़ाने के लिए एकीकृत एक्वा पार्क उत्कृष्टता केन्द्र 98.90 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झींगा व मछली किसानों के लिए उनकी फसल का उत्पादन बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे।

